फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 77 संख्याः 105 प्रभात जयपुर, सोमवार 16 नवम्बर, 2026 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBiT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com



The Secret of Banarasi Kadwa And Fekwa

"Benares is older than history, older than tradition, older even than legend, and looks twice as old as all of them put together." - Mark Twain.

She didn't cry She plotted

She worked the backrooms. She twisted arms. She used her charm and her steel-trap mind to draft legislation that was bulletproof

काडमांडू हवाई अड्डे पर 22 करोड़ रु. की कोकीन पकड़ी

काठमांडू, 15 नवंबर। नेपाल में करीब 22 करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन के साथ त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। वह 14 नवंबर को थाईलैंड से काठमांडू पहुंचा था।

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के एसपी एवं प्रवक्ता दुर्गाराज रेग्मी ने

- एक भारतीय नागरिक कोकीन के साथ गिरफ्तार।

बताया कि भारत के महाराष्ट्र निवासी 52 वर्षीय रेवाज तिघरी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक हवाई मार्ग से ड्रग्स की तस्करी की आशंका को देखते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की प्रोफाइलिंग की जा रही थी। इसी क्रम में रेवाज तिघरी को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस जांच में पता चला है कि वह इससे पहले दो बार नेपाल आ चुका है। पहली बार उसने हवाई मार्ग से नेपाल की यात्रा की थी, जबकि दूसरी बार भारत से सड़क मार्ग के जरिए नेपाल पहुंचा था। पुलिस का दावा है कि गिरफ्तार व्यक्ति अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

दिसम्बर के पहले सप्ताह में हो सकता है संसद का शीतकालीन सत्र

सरकार महिला आरक्षण व परिसीमन विधेयक पास कराना चाहती है

नई दिल्ली, 15 नवंबर। संसद का शीतकालीन सत्र दिसंबर के पहले सप्ताह से शुरू हो सकता है। सरकार एक ऐसा संविधान संशोधन विधेयक पारित कराने की कोशिश में है, जो महिलाओं के आरक्षण को परिसीमन से जोड़ता है। यह ऐसे समय में हो रहा है जब विपक्षी दल मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर अपना विरोध तेज करने की तैयारी कर रहे हैं।

- संविधान संशोधन विधेयक पास करने के लिये दो तिहाई बहुमत की आवश्यकता है। इस समय एनडीए के पास 320 सदस्य हैं तथा उसे कुल 361 सदस्यों का समर्थन चाहिये।

जानकारी के अनुसार, प्रस्तावित कानून के तहत परिसीमन के जरिए लोकसभा की सीटों की संख्या बढ़ाकर अधिकतम 850 करने की योजना है। इससे 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करना संभव हो सकेगा। सरकार के शीर्ष स्तरों पर सत्र की संभावित तारीखों को लेकर चर्चा चल रही है।

हालांकि, इस विधयेक को पारित कराने के लिए जरूरी समर्थन जुटाना एक बड़ी चुनौती है। संविधान संशोधन के लिए सदन में मौजूद और मतदान करने वाले सदस्यों के कम से कम दो-तिहाई समर्थन का अवश्यकता होती है।

वर्तमान लोकसभा में, तीन सीटें खाली हैं, ऐसे में अगर सभी 540 सदस्य मतदान करते हैं, तो दो-तिहाई बहुमत के सिए 361 वोटों की जरूरत होगी।

सत्ताधारी एनडीए के पास 320 सदस्य हैं, इसलिए जरूरी आंकड़ा छूने के लिए उसे विपक्ष के समर्थन की आवश्यकता होगी। हालांकि, सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को भरोसा जताया कि विधेयक 15 से 18 वोटों के अंतर से पारित हो जाएगा।

इंडिगो फ्लाइट की पुणे में इमरजेंसी लैंडिंग

पुणे,15 नवंबर। गुवाहाटी जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट 6ई 0623 में आज रविवार सुबह तकनीकी खराबी आ गई, जिसके बाद पुणे एयरपोर्ट पर फुल इमरजेंसी घोषित कर दी गई।

पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को बताया कि टेक-ऑफ के बाद विमान का लैंडिंग गियर (पहियों वाला हिस्सा) अंदर नहीं गया और बाहर

- टेक ऑफ के बाद लैंडिंग गियर अंदर नहीं जाने से यह स्थिति बनी।

ही रह गया। इंडिगो की इस फ्लाइट में यात्री और क्रू मेंबर सहित कुल 192 लोग सवार थे।

पुणे एयरपोर्ट के डायरेक्टर संतोष धोके ने कहा, भारतीय वायु सेना (आईएएफ) ने फुल इमरजेंसी घोषित की, जिसके बाद सभी जरूरी इमरजेंसी प्रोटोकॉल तुरंत लागू कर दिए गए। यात्रियों और क्रू की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फायर सर्विस, एम्बुलेंस और अन्य इमरजेंसी टीमों को हाई अलर्ट पर रखा गया।

एहतियात के तौर पर, विमान को रनवे के ऊपर कम ऊंचाई पर उड़ाया

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

कांग्रेस ने पंजाब में चार सदस्यीय समन्वय समिति बनाई

यह फैसला बाहरी नेताओं की संभावित एंट्री पर स्थानीय असंतोष को रोकने की रणनीति है

चंडीगढ़ , 15 नवंबर। पंजाब में 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपनी सियासी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी संगठन को मजबूत करने और दूसरी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं को कांग्रेस में शामिल करने की प्रक्रिया को व्यवस्थित करने के लिए प्रदेश कांग्रेस ने चार सदस्यीय उच्चस्तरीय समन्वय समिति का गठन किया है।

- पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष परगट सिंह द्वारा गठित इस समिति में विजय इंदर सिंगला, अरुणा चौधरी, कुशलदीप सिंह ढिल्लों और हरदेव लाडी शामिल हैं।

अब किसी भी बाहरी नेता की कांग्रेस में एंट्री से पहले संबंधित विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं और जिला कांग्रेस कमेटी के प्रधान की राय लेना अनिवार्य होगा।

पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष परगट सिंह की ओर से जारी आदेश के अनुसार समिति में सीडब्ल्यूसी सदस्य विजय इंदर सिंगला, विधायक और सीएलपी की उपनेता अरुणा चौधरी, पूर्व विधायक कुशलदीप सिंह ढि ल्लों और विधायक हरदेव सिंह लाडी को शामिल किया गया है।

यह समिति दूसरी राजनीतिक पार्टियों को छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने के इच्छुक नेताओं के संबंध में समन्वय स्थापित करने के साथ उनकी जॉइनिंग प्रक्रिया की निगरानी भी करेगी।

पार्टी ने स्पष्ट किया है कि किसी भी नेता को कांग्रेस में शामिल करने का फैसला एकतरफा नहीं होगा। इसके लिए संबंधित विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के साथ विचार-विमर्श करना जरूरी होगा।

कांग्रेस के इस फैसले को चुनाव से पहले पार्टी में संभावित नेताओं की एंट्री को लेकर स्थानीय स्तर पर असंतोष रोकने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है।

अक्सर दूसरी पार्टियों से आने वाले नेताओं को टिकट या संगठन में अहम जिम्मेदारी मिलने की संभावना के चलते पुराने नेताओं और कार्यकर्ताओं में नाराजगी पैदा हो जाती है। ऐसे में कांग्रेस

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत को बदनाम करने से राहुल को सत्ता नहीं मिलेगी- अमित शाह

उन्होंने कहा सत्ता में आना चाहते हों तो राहुल विदेश जाना बंद कर गांवों में जाना शुरु करें

पुणे, 15 नवंबर। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भारत, उसके लोकतांत्रिक संस्थानों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों को बदनाम कर रहे हैं।

- केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि चुनाव में जीतना और हारना राजनीतिक दलों और उनके नेताओं के कामकाज पर निर्भर करता है।

अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी को समझना चाहिए कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को बदनाम करने से उन्हें सत्ता नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि अगर राहुल गांधी सत्ता में वापस आना चाहते हैं, तो उन्हें विदेश जाना बंद करना होगा। उन्हें भारत के गांवों में जाना शुरू करना चाहिए।

अमित शाह पुणे में राष्ट्रीय भारी इंजीनियरिंग सहकारी क्षेत्र को फिर से खड़ा करने की पहल की आधारशिला रखने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है। इसी निराशा में पार्टी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश और उसके नेतृत्व को निशाना बना रही है।

शाह ने 13 और 14 नवंबर को हैदराबाद में हुए भारत सम्मेलन पर भी तंज कसा। इस कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस के नेतृत्व वाली तेलंगाना सरकार ने किया था। उन्होंने कहा कि इसमें देश और विदेश से वामपंथी विचारधारा को बढ़ ावा देने वाले लोगों को बुलाया गया था।

अमित शाह ने कहा कि चुनाव जीतना या हारना राजनीतिक दलों और उनके नेताओं के कामकाज पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को 2004 से 2014 तक 10 साल देश में सरकार चलाने का मौका मिला था। लेकिन उसके कार्यकाल में 12 लाख करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार हुआ। शाह ने कहा कि आखिरकार जनता ने कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर दिया। इसके बाद नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने।

राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 15 नवंबर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर संसद परिसर स्थित प्रेरणा

- उपराष्ट्रपति व लोकसभा अध्यक्ष ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

स्थल पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, सांसदों और अन्य गणमान्य लोगों ने भी भगवान बिरसा मुंडा को नमन किया। राज्यसभा सचिवालय के अनुसार, भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जाती है। इस अवसर पर प्रेरणा स्थल पर विभिन्न राज्यों के छह जनजातीय लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया।

नाटो में शामिल होना है तो डोनबास क्षेत्र रुस को सौंपें- ट्रंप

अमेरिका के सुझाव पर यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की हैरान रह गए

नई दिल्ली, 15 नवंबर। अमेरिका ने यूक्रेन को नाटो में शामिल करने के बदले डोनबास का इलाका रूस को सौंपने का सुझाव दिया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शनिवार को जारी अपने बयान में इस बात की जानकारी दी। जेलेंस्की ने कहा कि इस बातचीत से संकेत मिलता है कि पश्चिमी सैन्य गठबंधन नाटो में यूक्रेन की सदस्यता का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में आ गया है। ठंड का मौसम शुरू होने से पहले रूस ने यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए हैं।

- यूक्रेन लम्बे समय से नाटो में शामिल होने की कोशिश कर रहा है तथा रुस इसे अपनी सुरक्षा को खतरे के रुप में देखता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के विशेष दूत जैरेड कुशनर और स्टीव विटकॉफ ने गुरुवार को पुतिन और जेलेंस्की से अलग-अलग मुलाकात की थी। इससे पहले अबू धाबी में दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों के साथ दो दिनों तक बातचीत हुई थी, लेकिन इसका कोई ठोस नतीजा नहीं निकला। जेलेंस्की ने बताया, अमेरिकियों ने एक सवाल उठाया- अगर यूक्रेन, नाटो में शामिल हो जाता है, तो क्या वह डोनबास से पीछे हट जाएगा? पहली बार यह मुद्दा उठाया गया है।

जेलेंस्की ने कहा, यूक्रेन को इस तरह की रक्षा सहायता देने, हमारी सेना और हमारी रक्षा क्षमता को देखने के बाद पश्चिमी देश यूक्रेन को यूं ही नहीं जाने दे सकते। जेलेंस्की के मुताबिक, इस बातचीत से साफ है कि यूक्रेन के लिए नाटो की सदस्यता का मुद्दा एक बार फिर एजेंडे में आ गया है।

यूक्रेन लंबे समय से नाटो में शामिल होने की कोशिश कर रहा है, जबकि रूस इसे अपनी सुरक्षा के लिए खतरे के रूप में देखता है और इस मुद्दे को अपनी रेड लाइन बता चुका है। हालांकि, नाटो और अमेरिका ने जेलेंस्की के इस दावे पर अभी तक सीधे तौर पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। डॉनल्ड ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा, हम इस युद्ध को खत्म करने का रास्ता निकालने के लिए लगातार कोशिश करते रहेंगे। संवेदनशील बातचीत के लिए जरूरी गोपनीयता बनाए रखना भी हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि बातचीत के दौरान कई नए विचार सामने आए हैं, जिन पर विचार किया जा रहा है।

पहाड़गंज में निर्माणाधीन इमारत ढही, आठ घायल

दिल्ली, 15 नवंबर। पहाड़गंज इलाके में रविवार को एक निर्माणाधीन इमारत का हिस्सा ढ ह गया। जिसमें आठ लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया।

- इमारत में होटल निर्माण कार्य चल रहा था।

इमारत काशेरूवालान, संगत तराशन, पहाड़गंज में सरकारी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सामने इमारत में एक होटल का निर्माण कार्य चल रहा था। घटना के समय दूसरी मंजिल की छत (लेंटर) डाली जा रही थी। इसी दौरान इमारत का एक हिस्सा अचानक गिर गया। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि सहायक खंभे गीले थे। इमारत भी एक तरफ झुकी हुई प्रतीत हुई।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

आरबीआई ने डिजिटल भुगतान में धोखाधड़ी रोकने के लिये दिशा-निर्देश जारी किये

नई दिल्ली, 15 नवंबर। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने डिजिटल भुगतान से जुड़े साइबर खतरों और धोखाधड़ी को रोकने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत गैर-बैंकिंग भुगतान प्रणाली चलाने वाली कंपनियों

- सभी गैर बैंकिंग भुगतान प्रणाली संचालकों को 6 घंटे के अंदर किसी भी असामान्य घटना की जानकारी देनी होगी।
- रिजर्व बैंक ने डिजिटल लेनदेन की सुरक्षा के लिये सख्त शर्तें रखी हैं। इनमें सॉफ्टवेयर की सुरक्षा प्रणाली का ऑडिट व तीसरे पक्ष की सेवायें देने वाली कंपनियों से जुड़े नियम शामिल हैं।

को किसी भी असामान्य घटना की जानकारी छह घंटे के अंदर देनी होगी। इसमें साइबर हमला, प्रणाली का अचानक बंद होना और भुगतान के निपटारे (सेटलमेंट) में देरी जैसी घटनाएं शामिल हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस नियम का मकसद डिजिटल भुगतान को ज्यादा सुरक्षित बनाना है। इससे साइबर धोखाधड़ी के बढ़ ते मामलों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी।

आरबीआई के नए निर्देश सभी गैर-बैंकिंग भुगतान प्रणाली संचालकों (पीएसओ) पर लागू होंगे। इन कंपनियों को तय प्रारूप में छह घंटे के भीतर केंद्रीय बैंक को घटना की जानकारी देनी होगी। इससे आरबीआई समय रहते दखल दे

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

गंभीर रुप ले रहा है बंगाल की खाड़ी का चक्रवाती तूफान

दक्षिण और पूर्वी भारत के कई राज्यों में भारी से अत्यधिक भारी वर्षा की चेतावनी

नई दिल्ली, 15 नवंबर। देश के मौसम में एक साथ कई बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। उत्तर भारत में जहां ठंड और कोहरे का प्रभाव बढ़ ने लगा है, वहीं बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रहा मौसमी सिस्टम चक्रवाती तूफान में बदलने की ओर बढ़ रहा है। इसके चलते दक्षिण और पूर्वी भारत के कई राज्यों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश होने की आशंका है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने विभिन्न राज्यों के लिए बारिश, तेज हवाओं और आंधी-तूफान को लेकर चेतावनी जारी की है। आईएमडी के अनुसार, दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना स्पष्ट निम्न दबाव का क्षेत्र अब गहरे निम्न दबाव के बाद दबाव के क्षेत्र में तब्दील हो गया है। संभावना है कि सोमवार को दक्षिण और उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर यह चक्रवाती तूफान में बदल सकता है। इसके बाद मंगलवार को पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर पहुंचकर यह गंभीर चक्रवाती तूफान का रूप ले सकता है। मौसम प्रणाली के लगातार उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ ते हुए आंध्र प्रदेश के तट की ओर जाने की संभावना जताई गई है।

इस मौसमी सिस्टम के प्रभाव से तटीय क्षेत्रों में 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। समुद्र में स्थिति प्रतिकूल रहने और तटीय इलाकों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की आशंका को देखते हुए संबंधित राज्यों में सतर्कता बरतने की जरूरत है।

चक्रवाती तूफान के संभावित प्रभाव को देखते हुए दक्षिण भारत के कई राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में 19 और 20 नवंबर को भारी बारिश होने की संभावना है।

तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में 18 और 19 नवंबर को कई इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान है। इस दौरान 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार

- भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने विभिन्न राज्यों में बारिश, तेज हवाओं और आंधी -तूफान की चेतावनी जारी की है।

से तेज हवाएं चल सकती हैं।

पूर्वी भारत के राज्यों में भी चक्रवाती तूफान का असर देखने को मिल सकता है। ओडिशा में 19 से 21 नवंबर के बीच बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। राज्य के तटीय इलाकों में 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और आंधी-तूफान की आशंका है।

पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों में 19 और 20 नवंबर को भारी बारिश हो सकती है। वहीं, झारखंड में 20 और 21 नवंबर को कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने का अनुमान है।

इज़रायल के हवाई हमले में हमास का शीर्ष कमांडर मारा गया

तेल अवीव, 15 नवंबर। इज़रायल ने दावा किया है कि उनकी सेना ने दक्षिणी गाजा में रात भर चले हवाई हमले में हमास के एक शीर्ष कमांडर को मार गिराया है। इस बीच, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने दावा किया है कि उसने बहरीन में अमेरिकी हेलीकॉप्टर बेस पर मौजूद एक रडार सिस्टम को निशाना बनाया है।

- हमास ने बयान जारी कर इसकी पुष्टि की।

अमेरिकी सैन्य कमान ने इस दावे पर फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है।

इज़रायल ने दावा किया है कि उसने हवाई हमले के दौरान हमास के एक शीर्ष कमांडर को मार गिराया है। हमास ने एक बयान जारी कर पुष्टि की कि उनकी रफाह ब्रिगेड के कमांडर, समीर महमूद हसन अबू यूनिस मारे गए हैं। हमास ने बताया कि आज ही उन्हें दफनाया जाएगा। इज़रायल की सेना के अनुसार, अबू यूनिस शनिवार आधी रात के तुरंत बाद हुए एक हमले में मारा

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

स्पेसएक्स ने रचा इतिहासः अंतरिक्ष से लौटे यान को हवा में ही कैच किया

केप कैनवेरल, 15 नवंबर। एलन मस्क के स्टारशिप ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। अंतरिक्ष से लौटने वाले स्पेसएक्स के "स्टारशिप" अंतरिक्ष यान को पहली बार लॉन्च टावर पर लगी विशाल मैकेनिकल भुजाओं (चॉपस्टिक्स) या "मेकाज़िला" की मदद से हवा में ही कैच कर लिया गया। ऐसा

- अंतरिक्ष में 22 घंटे बिताने और पृथ्वी के 14 चक्कर लगाने के बाद "स्टारशिप" अंतरिक्ष यान सुरक्षित लौटा
- एलन मस्क के स्पेसएक्स के अनुसार ऊपरी स्टेज स्टारशिप ने कक्षा में पहुंच कर 26 एडवांस्ड स्टारलिंक सैटेलाइट तैनात किये और करीब 260 किलोमीटर की ऊंचाई पर 14 चक्कर पूरे किये।

पहली बार हुआ है। अंतरिक्ष में करीब 22 घंटे बिताने और पृथ्वी के 14 चक्कर लगाने के बाद यह सुरक्षित वापस लौटा।

यह स्टारशिप की पहली मिड-एयर रिकवरी है। इसे लॉन्च री-यूज़ेबल रॉकेट का टास्क पूरा करने में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

स्टारशिप ने बादलों से उतरते हुए इंजन दोबारा जलाए, सीधा खड़ा हुआ और धीरे-धीरे लॉन्च टॉवर की विशाल भुजाओं में समा गया।

इंजन बंद होने के बाद यान जमीन से ऊपर निलंबित अवस्था में रहा। स्पेसएक्स ने इस ऐतिहासिक लैंडिंग का

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)